तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही, मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म को तामील में जारी हुए
	राजस्व अपील सं0 111/2024 अनवान ***मूसा खां व अन्य बनाम करीम वगैरा***	
20.08.24	पत्रावली वकील अपीलांट्स द्वारा आज दिनांक को प्रस्तुत प्रार्थना पत्र वास्ते पत्रावली तलब कर, अपील जरिये विड्रोल खारिज करने के क्रम में तारीख पेशी पर ली गई। रेस्पो0 के सम्मन तामील अथवा अदम तामील अप्राप्त है। वकील अपीलांट्स द्वारा प्रार्थना में उल्लेखित तथ्यों को दौहराते हुए मुख्यतः यह निवेदन किया कि प्रकरण में पक्षकारों के मध्य लोक अदालत की भावना से राजीनामा/आपसी समझाईश हो गई है। इसलिए अपीलार्थीगण उक्त अपील को आगे चलाना नही चाहते है तथा जरिये विड्रोल खारिज करवाना चाहते है। अपीलांट सं0 6 व 10 सवाई एवं दरूखान स्वयं उपस्थित, जिनके हस्ताक्षर की पहचान उनके अधिवक्ता श्री रोशनलाल द्वारा की गई। अतः वकील अपीलांट्स द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपीलान्ट्स की उक्त अपील जरिये विड्रोल खारिज की जाती है। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र शामिल पत्रावली किया जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जावे। निर्णय आज दिनांक को खुले न्यायालय लिखाया जाकर, सुनाया गया। (अजीत सिंह राजावत) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जोधपुर	